भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †2435

सोमवार, 03 अगस्त, 2026/12 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

रोहतासगढ़ किले के पर्यटन का समग्र विकास

†2435. श्री राजा राम सिंहः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को बिहार राज्य सरकार की ओर से 'स्वदेश दर्शन 2.0', 'चैलेंज बेस्ड डेस्टिनेशन डेवलपमेंट' (सीबीडीडी), 'प्रसाद' या किसी अन्य केंद्रीय योजना के अंतर्गत रोहतासगढ़ किले के पर्यटन के समग्र विकास के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले पाँच वर्षों के दौरान प्राप्त, स्वीकृत या लंबित प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है, साथ ही स्वीकृत और जारी की गई निधि कितनी है;

(ग) क्या सरकार ने रोहतासगढ़ किले में पर्यटन से जुड़ी अवसंरचनात्मक सुविधाओं की कमियों तथा सड़क संपर्क, पर्यटकों के लिए सुविधाओं, भाषांतरण केंद्रों, डिजिटल टिकटिंग, स्वच्छता, ठहरने की व्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं संबंधी कोई आकलन किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) पर्यटन, आतिथ्य, हस्तशिल्प और उससे जुड़ी सेवाओं के माध्यम से स्थानीय युवाओं के लिए रोज़गार के क्या अवसर सृजित होने की अपेक्षा है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)'- एसडी 2.0 की एक उप-योजना, और 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक अपनी योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के पर्यटन अवसंरचना के विकास के प्रयासों को योजना दिशानिर्देशों एवं सरकारी निर्देशों के अनुपालन, उनके द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की प्रस्तुति, धन की उपलब्धता, पारस्परिक प्राथमिकता आदि के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान करके संपूरित करता है।

इसके अलावा, भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास' नामक अपनी पहल

के तहत पर्यटन परियोजनाओं के विकास के लिए वर्ष 2024-25 में बिहार सहित अन्य राज्यों को भी वित्तीय सहायता प्रदान की है।

सड़क संपर्क, आगंतुक सुविधाएं, व्याख्या केंद्र, डिजिटल टिकटिंग, स्वच्छता, आवास और आपातकालीन सेवाओं सहित अवसंरचना की कमियों का आकलन और पहचान मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र द्वारा मंत्रालय को प्रस्तुत करने से पहले डीपीआर तैयार करते समय की जाती है।

पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए बिहार सरकार सहित अन्य राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना एक सतत प्रक्रिया है। वर्तमान में, रोहतासगढ़ किले के एकीकृत पर्यटन विकास का कोई भी प्रस्ताव पर्यटन मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है।

पर्यटन मंत्रालय ने बिहार राज्य में उपर्युक्त योजनाओं के तहत कई परियोजनाओं को मंजूरी दी है। बिहार राज्य में एसडी, एसडी 2.0, सीबीडीडी, प्रसाद और एसएएससीआई योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

मंत्रालय नियमित रूप से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को स्थानीय समुदायों के साथ जुड़ने और पूरी की गई परियोजनाओं के मजबूत संचालन और प्रबंधन (ओ एंड एम) को सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित करता है, ताकि, पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हो, स्थानीय रोजगार पैदा हो और समग्र पर्यटक संतुष्टि में वृद्धि हो।

****

अनुबंध

श्री राजा राम सिंह द्वारा रोहतासगढ़ किले के पर्यटन के समग्र विकास के संबंध में दिनांक 03.08.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †2435 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

(i) बिहार राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परिपथ/ स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी/प्राधिकृत राशि**
1.	तीर्थंकर 2016-17	वैशाली - आरा - मसाद - पटना - राजगीर- पावापुरी - चंपापुरी का विकास	33.96	29.36
2.	आध्यात्मिक 2016-17	कांवरिया मार्ग: सुल्तानगंज - धर्मशाला - देवघर का विकास	44.76	42.17
3.	बौद्ध 2016-17	बौद्ध परिपथ का विकास - बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण	95.18	95.18
4.	ग्रामीण 2017-18	भितिहरवा - चंद्रहिया - तुर्कौलिया का विकास	44.27	40.31
5.	आध्यात्मिक 2017-18	मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास	44.55	42.32

(ii) बिहार राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजना का विवरण:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**स्वीकृति वर्ष**	**गंतव्य**	**अनुभव का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**प्राधिकृत राशि**
1.	2024-25	बोधगया	बोधगया में बौद्ध ध्यान एवं अनुभव केंद्र का विकास	165.44	16.54

(iii) बिहार राज्य में तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत राशि**	**जारी/प्राधिकृत राशि**
1.	पटना साहिब का विकास	2015-16	29.62	29.62

2.	विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में मूलभूत सुविधाओं का विकास	2014-15	3.63	3.63
3.	अंबिका भवानी मंदिर, सारण का विकास	2024-25	13.29	--

(iv) बिहार राज्य में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) योजना के तहत स्वीकृत परियोजना का विवरण:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**श्रेणी**	**स्वीकृत राशि**	**प्राधिकृत राशि**
1.	2024-25	सोनपुर मेला स्थल का विकास	सारण जिला (सोनपुर मेला) (संस्कृति एवं विरासत)	24.29	2.43

(v) बिहार राज्य में पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी राशि**
1.	2024-25	सहरसा में मत्स्यगंधा झील का विकास	97.61	97.09
2.	2024-25	करमचट में करमचट इको पर्यटन और एडवेंचर हब	49.51	

******